# एनएच-45 पर अज्ञात वाहन ने 10 मवेशियों को रौंदा

## पांच मवेशी बुरी तरह घायल, आये दिन होती हैं घटनाएं

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग प्रतिदिन मवेशियों के रक्त से लाल हो रही है।आये दिन मवेशी असमय काल के गाल में समा रहें हैं।गत दिवस जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर तेंदूखेड़ा से आगे तरफ ढिलवार के समीप अज्ञात बाहन ने 10 गौ वंश को रौंद डाला। और पांच मवेशी बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर परिषद अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और उपचार की व्यवस्था कराई गई स्थानीय प्रशासनिक



अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। धीरे धीरे खबर लगते ही गौ संरक्षण सुरक्षा अभियान और विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में पहुंचे जिन्होंने वीभत्स रूप लेकर द्रवित होते दिखे और एन एच पर कुछ समय के लिए बैठ गये और तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुधार की बात रखी। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद मानें। गौरतलब रहे कि कुछ ही समय पूर्व इनके द्वारा सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया था। सभी कालकल्वित मवेशियों को ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया।इसी बीच पशु चिकित्सा बाहन सेवा भी मौके पर पहुंची जिसने गंभीर रूप से घायल मवेशियों का उपचार किया। चूंकि निराश्रित मवेशियों का इस तरह से काल कल्वित होना कोई नई बात नहीं है।आये दिन इस तरह की घटनाएं दुर्घटनायें घटित हो रही है।इस विषय को लेकर जवाबदार पक्ष हमेशा अपनी अपनी जिम्मेदारियों से बचते नजर आते हैं। सड़क सुरक्षा और एन एच पर निर्विघ्न यात्रा को लेकर 1033 बाहन सेवा हमेशा नदारत पाई जाती है। रात्रि के समय बड़ी संख्या में पशुधन मुख्य सड़क मार्ग पर बैठे देखे जा सकते हैं।

**मुख्य सड़क मार्गों पर मिलते हैं झुंड**

अक्सर कर देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के पशु पालक बरसात के दिनों में बांधने छोड़ने और भूसा खिलाने की समस्या के चलते इन मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं।दिन में उक्त मवेशी खेतों या खुले स्थानों से चारा खाकर अपना पेट भर लेते हैं लेकिन रात्रि के समय सूखे स्थान पर बैठने के लिए मुख्य सड़क मार्ग तरफ भागते हैं।शाम होते ही मवेशी भामा तिराहा से लेकर ब्रिज के नीचे पुराने बस स्टेंड से मुख्य सड़क मार्गों पर झुंड में खड़े हुए देखे जा सकते हैं।

# सड़क पर मृत पड़ी गायों की लाशें बनीं व्यवस्था के लिए आईना

**नवभारत,गाडरवारा।** सड़कों पर बेसहारा मृत गायों की लाशें पड़ी-पड़ी सड़ रही हैं और जिम्मेदार व्यवस्था की ओर सवालिया निगाहें उठ रही हैं। एक ओर गौ माता के नाम पर बड़े-बड़े दावे, गौसेवा और गौ रक्षा के नारे लगाए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर मृत गौवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्कार तक की व्यवस्था नहीं हो पाना गंभीर चिंता का विषय है। क्या गौसेवा केवल नारों, आयोजनों और दिखावे तक सीमित रह गई है। गौग्रास, गौपालन और गौशालाओं के नाम पर करोड़ों की जमीनों के उपयोग, दान और अनुदान की व्यवस्था के बावजूद यदि सड़कों पर गौवंश की ऐसी दुर्दशा हो रही है तो इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है।



गौपीठाधीश्वर बने संत-महात्माओं से लेकर गौभक्ति का राग अलापने वाले संगठनों और गौसेवा के नाम पर संस्थाएं चलाने वालों तक से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि बेसहारा गौवंश की जिम्मेदारी कौन उठाएगा। गौकथा सुनाने और सुनने वालों के बीच यदि गौवंश सड़कों पर तड़पता और मरने के बाद सड़ता रहे तो यह समाज और व्यवस्था दोनों के लिए आत्ममंथन का विषय है। गौसेवा के नाम पर मिलने वाले दान, अनुदान और सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ गौवंश तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी पारदर्शी जांच भी जरूरी है। वहीं किसानों पर गौवंश के इलाज के नाम पर मनमानी वसूली के आरोप भी गंभीरता से जांचे जाने चाहिए। गौवंश की सेवा केवल भाषणों और नारों से नहीं, बल्कि उसके जीवन, उपचार, संरक्षण और मृत्यु के बाद सम्मानजनक अंतिम संस्कार की व्यवस्था से साबित होगी। जरूरत है कि प्रशासन गौवंश की दुर्दशा पर तत्काल संज्ञान ले और जिम्मेदार संस्थाओं की जवाबदेही तय करे, ताकि गौसेवा के नाम पर होने वाले दावों और जमीन पर दिखाई देने वाली हकीकत के बीच का अंतर समाप्त हो सके।

## एक नजर में

### गाडरवारा से संचालित हो रहा बीईओ कार्यालय

**नवभारत,साईखेड़ा।** शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए हुए विकास खंड मुख्यालय का विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गाडरवारा से संचालित हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साईं खेड़ा में खुद का भवन होने के वावजूद भी कार्यालय का संचालन गाडरवारा के केएनवी स्कूल से किया जा रहा है। इस व्यवस्था के चलते विकास खंड के शिक्षकों को अपने कामों के लिए अनावश्यक गाडरवारा जाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि कार्यालय में पदस्थ उप संचालक और लिपिक अपनी सुविधा के लिए कार्यालय का संचालन गाडरवारा से कर रहे हैं, जबकि साईं खेड़ा में भवन होने के साथ ही बीईओ के रहने के लिए शासकीय आवास भी बना हुआ है। साईं खेड़ा में स्वान नेटवर्क उपलब्ध होने पर भी ओनलाइन कार्यों में नेटवर्क कनेक्टिविटी का बहाना करके केएनवी स्कूल में जबरन कब्जा कर कार्यालय संचालित हो रहा है।

### छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सर्वोदय महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली मानव श्रृंखला बनाई ।इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ किरण प्रभा जैन के निर्देशानुसार कैप्टन रोमी मालवीय द्वारा संपादित कराया गया। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थित रही।

### जिले में अब तक 572.8 मिमी अर्थात 22.55 इंच वर्षा दर्ज

**नवभारत,नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 13 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 572.8 मिमी अर्थात 22.55 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 13 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले की तहसील गोटेगांव में 14 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि नरसिंहपुर, गाडरवारा, करेली व तेंदूखेड़ा में वर्षा शून्य दर्ज की गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 अगस्त तक तहसील नरसिंहपुर में 665 मिमी, गाडरवारा में 667, गोटेगांव में 431 मिमी, करेली में 471 मिमी और तेंदूखे?ा में 630 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 959 मिमी अर्थात 37.75 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 912 मिमी, गाडरवारा में 1165 मिमी, गोटेगांव में 872 मिमी, करेली में 856 मिमी और तेन्दूखेड़ा

### सांसद कुलस्ते 16 को गोटेगांव आएंगे

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** सभापति, एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते रविवार 16 अगस्त को गोटेगांव आएंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सभापति, एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री कुलस्ते रविवार 16 अगस्त को दोपहर एक बजे जिला मुख्यालय सिवनी से प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे गोटेगांव मंडी आएंगे। आप यहां रानी अवंती बाई जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके पश्चात श्री कुलस्ते सायं 6 बजे गोटेगांव से मंडला जिले के जेवरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस कलचुरी समाज महिला मंडल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम में हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान महिलाओं ने परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की आगामी सामाजिक गतिविधियों को लेकर चर्चा कर उनकी रूपरेखा तैयार की गई। इसके पश्चात उपस्थित महिलाओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में तीज मनाते हुए एक-



दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रद्धा चौकसे, कलचुरी समाज जिला अध्यक्ष अर्चना चौकसे, पार्षद रजनी राय, महिला अध्यक्ष मनीषा राय सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक मेल-जोल बढ़ता है और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम हर्ष और उत्साह के

# हरियाली अमावस्या पर किया पौधरोपण

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम महामृत्युंजय नर्मदा सेवा समिति एवं वृक्ष मित्र परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।उल्लेखनीय है वृक्ष मित्र परिवार केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार की एक अनूठी परिकल्पना है। जो पर्यावरण को बचाने और धरा को हरा भरा करने के लिए निरंतर प्रेरित करती है। उन्हीं के संकल्पों को आत्मसात करते हुए समिति के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि वृक्ष केवल पौधे नहीं



बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार हैं। कृषि मंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप वृक्ष मित्र परिवार का उद्देश्य हर नागरिक को प्रकृति से जोड़ना है। वृक्षारोपण के साथ साथ उपस्थित जनों ने इन पौधों के संरक्षण और उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों प्रकृति प्रेमियों और समिति के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी ने पर्यावरण को हरा भरा रखने के महाअभियान में निरंतर सहयोग देने की शपथ ली।

# संत महंत उमाचरण दास महाराज की समाधि में उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप कूड़ा कला स्थित श्री 108 महंत उमाचरण दासजी महाराज, महात्यागी मौनी बाबा जी की समाधि गुरुवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर, कूड़ा कला नर्मदा तट पर धार्मिक विधि-विधान से दी गई। समाधि में शामिल होने के लिए क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महंतजी का देवलोक गमन हरियाली अमावस्या की संध्या को जबलपुर के स्वस्तिक हॉस्पिटल में अस्वस्थता के कारण हुआ था। उनके निधन का समाचार मिलते ही साधु-संतों और भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई थी। गुरुवार सुबह संत समाज की उपस्थिति में समाधि की प्रक्रिया संपन्न हुई।



श्रद्धालुओं ने संत महाराज के अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान '? शांति' और जयकारों से नर्मदा तट गूंज उठा। पूरे समय भक्तिमय और भावुक माहौल बना रहा। समाधि स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दूर-दराज से आए भक्तों ने संत महाराज के त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक जीवन को याद करते हुए संस्मरण

# आश्रम ने आर्थिक सहायता के रूप में दिए 25 हजार रुपए

**नवभारत,गोटेगांव।** थाना अंतर्गत झोतेश्वर चौकी के ग्राम गौरतला में मासूम ब'ची के साथ हुई हत्या की घटना पर परमहंसी गंगा आश्रम परिवार ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही वही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु पत्र लिखकर फांसी की मांग की आश्रम के सदस्यों ने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर मानवीय सहयोग के रूप में 25 हजार रुपए की नगद राशि भेंट की। आश्रम परिवार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवार के साथ है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और परिवार को न्याय मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किए



जाएंगे। परमहंसी गंगा आश्रम प्रतिनिधिमंडल में ब्रह्मचारी अचलानंदजी महाराज ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंदजी पूर्व विधायक पाटन एवं पूर्व महापौर जबलपुर कल्याणी पांडे राजकुमार शास्त्रीजी बड़े गुड्डू महाराज रघुवीर तिवारी अरविंद मिश्रा सुन्दर तिवारी सहित अन्य सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मूंग उपार्जन की तिथि बढ़ाने, ओटीपी सत्यापन और लंबित भुगतान की उठी मांग

**भाजपा नेता पवन पटेल ने केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर उठाई किसानों की समस्याएं**

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रदेश में जारी मूंग उपार्जन वर्ष 2026 के दौरान मूंग उत्पादक किसानों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण हेतु भाजपा नेता पवन पटेल द्वारा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में



नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, रायसेन, जबलपुर सहित अन्य प्रमुख मूंग उत्पादक जिलों के किसानों की समस्याओं को रेखांकित करते हुए तुरंत राहत प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उठाई गई मुख्य बिंदु एवं मांगें स्लॉट की समय-सीमा बढ़ाना एवं पुन: बुकिंग सुविधा मूंग खरीदी केंद्रों पर तुलाई प्रक्रिया धीमी होने और लंबी कतारों के कारण कई किसानों का निर्धारित स्लॉट निकल चुका है। नई तारीख (स्लॉट रिन्यूअल) का विकल्प न मिलने से उपज घरों एवं केंद्रों के बाहर खुले में पड़ी है और बारिश के कारण खराब होने की कगार पर है। मांग की गई है कि सभी प्रभावित जिलों में स्लॉट की तिथियों को आगे बढ़ाने और पुन: स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था तुरंत चालू की जाए। बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट की समस्या पर ह्ल्ल्नक्क आधारित व्यवस्था खेती-किसानी के कठिन श्रम के कारण कई बुजुर्ग व श्रमिक किसानों के फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक मशीन पर मैच नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनका सत्यापन अटक गया है। इसके समाधान के लिए आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ह्ल्ल्नक्क या स्थानीय अधिकारी के भौतिक सत्यापन के आधार पर तुलाई एवं भुगतान की वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया गया है। खरीदे गए मूंग का लंबित भुगतान शीघ्र जारी हो जिन किसानों की उपज की तुलाई सफलतापूर्वक हो चुकी है, उन्हें भी कई दिनों से भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। आगामी फसल की तैयारी और दैनिक खर्चों के लिए राशि न मिलने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। शासन से मांग की गई है कि लंबित भुगतानों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल किसानों के खातों में हस्तांतरित किया जाए। ज्ञापन की प्रतियां आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गई हैं।

# जबलपुर-भोपाल मार्ग पर भूस्खलन से आवाजाही प्रभावित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जबलपुर-भोपाल रोड पर नरसिंहपुर के बरघाटी के जंगल में घाटी की पहाड़ी का एक हिस्सा अचानक भरभराकर सड़क पर आ गिरा। भूस्खलन के कारण भोपाल-जबलपुर मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। हालांकि राहत की बात रही कि घटना के समय कोई वाहन मलबे की चपेट में नहीं आया। इस घटना के बाद जबलपुर से भोपाल जा रहे लोग आगे नहीं जा पाए है। भूस्खलन के बाद सड़क पर बड़ी मात्रा में मलबा फैल गया, जिससे इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रुक गई। फिलहाल यातायात को सिंगल लाइन के वैकल्पिक रास्ते से संचालित किया जा रहा है।



घटना की सूचना मिलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सुरक्षा के लिए घटनास्थल पर बैरिकेडिंग कर दी। कर्मचारियों के अनुसार, सड़क पर गिरे मलबे को हटाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। इसके बाद मुख्य मार्ग पर यातायात सामान्य होने की उम्मीद है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं पर चला स्वच्छता अभियान

**अध्यक्ष पूनम ठाकुर के निर्देश पर देशभक्ति और स्वच्छता का संगम**

**नवभारज,गोटेगांव।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद गोटेगांव ने देशभक्ति की लहर दौड़ा दी है। नगर पालिका द्वारा नगर के सभी 15 वार्डों में नागरिकों को नि:शुल्क तिरंगा झंडे वितरित किए जा रहे हैं। वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर नागरिकों को झंडा दे रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ रहे हैं। स्वच्छता के साथ



सम्मान अभियान के साथ ही अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर एवं ष्टरूह्र के निर्देश पर नगर की महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारक परिसरों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 15 अगस्त से पहले सभी स्मारकों को स्व'छ, सुंदर और भव्य रूप दिया जा रहा है। नगर पालिका अमला सुनील भनारे, पुरुषोत्तम साहू, विकास राजपूत के निर्देशन में तथा स्व'छता पर्यवेक्षक रामनाथ कटारिया, सूरज परोची एवं महेश मट्ठ सहित लगातार मैदान में डटा है नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे 15 अगस्त को अपने घरों पर गर्व के साथ तिरंगा फहराएं और देशभक्ति का संदेश दें।




# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चर्चा

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** टी बी छय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत 02 एम पी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इकाई संत मोनी महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा के एनसीसी छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत चांवरपाठा विकासखंड से सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दीपक बाजपेयी द्वारा टीवी रोग के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की छात्राओ एवं एन सी.सी कैडेट्स को टीवी की बीमारी के कारण लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया गया तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत लक्ष्य उपलब्धि एवं उन्मूलन की रणनीति के वारे में चर्चा की गई?। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ किरण प्रभा जैन डॉ प्रकाश जैन के निर्देशानुसार एनसीसी ऑफिसर कैप्टन रोमी मालवीय द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम** रादुविवि में मनाई गई पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. रंगनाथन की जयंती

# किसी भी संस्था की सुदृढ़ता की पहचान उसका पुस्तकालय : डॉ. श्रीनिवास

**नवभारत, जबलपुर।** किसी भी संस्था की सुदृढ़ता एवं उत्कृष्टता की पहचान उसके पुस्तकालय से की जाती है और इसकी शिक्षा सभी शिक्षार्थियों को दी जानी चाहिए। ये बातें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के जबलपुर क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. सोमासी श्रीनिवास ने कहीं। मौका था रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में भारत के पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन की 134वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का। इस दौरान डॉ. सोमासी श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।




**बड़े लक्ष्य मांगते है अधिक परिश्रम : प्रो. वर्मा**

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अधिक श्रम व समय देना पड़ता है। प्रो. वर्मा ने डॉ. रंगनाथन की तरह लगन व मेहनत के बल पर समाज में नाम कमाने तथा बाद में भी याद किए जाने वाले कार्य करने की प्रेरणा दी ।

**डॉ. रंगनाथन के विचार व दर्शन आज भी प्रासंगिक**

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने डॉ. रंगनाथन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में भी उनके विचार व दर्शन आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं और डॉ. रंगनाथन की जयंती पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाई जाती है।



# नि :शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,गोटेगांव।** विधानसभा गोटेगांव के शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र नागेश सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरित की। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना विद्यार्थियों को शिक्षा से निरंतर जोड़े रखने तथा उनके विद्यालय आवागमन को सुगम एवं सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान साइकिल प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। विधायक ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य एवं सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।